न्यायालय अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, झुन्झुनू

पीठासीन अधिकारी :— जगदीश प्रसाद गौड़, आर.ए.एस.

गुण्डा एक्ट प्रकरण संख्या :— 09/2022

राजस्थान सरकार जरिये पुलिस अधीक्षक, झुंझुनू।

—बनाम—

पवन सिंह पुत्र करणी सिंह राजपूत, निवासी खुड़िया, पुलिस थाना मण्ड्रेला, जिला झुन्झुनू।

इस्तगासा अन्तर्गत धारा 2 खण्ड (ख)(5)
राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1975

उपस्थिति :—

2. श्री सहायक लोक अभियोजक (प्रथम) ————————सरकार की ओर से।

—निर्णय— दिनांक 30.12.2022

संक्षिप्त में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार हैं कि पुलिस अधीक्षक, झुंझुनू ने दिनांक 20.09.2021 को गैर सायल पवन सिंह पुत्र करणी सिंह राजपूत, निवासी खुड़िया, पुलिस थाना मण्ड्रेला, जिला झुन्झुनू के खिलाफ न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट, झुन्झुनू में इस्तगासा पेश किया कि पवन सिंह पुत्र करणी सिंह राजपूत, निवासी खुड़िया, पुलिस थाना मण्ड्रेला, जिला झुन्झुनू का रहने वाला है जो एक अपराधिक मनोवृति का बदमाश व्यक्ति है। इसकी आपराधिक गतिविधियां लगातार बढ रही है जो जुआ सट्टा खेलने का आदतन अपराधी है, इसके डर से कोई भी व्यक्ति इसके खिलाफ थाने पर सूचना या रिपोर्ट दर्ज कराने में कतराता है तथा ना ही कोई गवाही देने के लिए तैयार है। इसकी आपराधिक गतिविधियों से युवा पीढी व समाज पर विपरित असर पड़ रहा है। इसके खिलाफ अब तक 02 अभियोग दर्ज किये गये हैं जिनमें से दोनों ही प्रकरणों में न्यायालय द्वारा अपराधी मानकर दण्डित किया गया है इसके जिले की सीमाओं में रहने से अपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उक्त शख्स द्वारा किये गये अपराध एंव दोषसिद्धि का विवरण निम्न प्रकार है :—

1. अभियोग संख्या 99/2019 दिनांक 27.09.2019 धारा 13 आरपीजीओ अधि0 थाना मण्ड्रेला, झुंझुनू में पंजीबद्ध होकर आरोप पत्र संख्या 64 दिनांक 03.10.2019 को न्यायालय में पेश किया गया। जिसमें बाद अन्वीक्षा मान[illegible]लय द्वारा अपने निर्णय दिनांक 18.11.2019 में अभियुक्त को दोषसिद्ध मानते हुये 100[illegible] अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Jagdish Prasad Gaur
Date: 2023.01.09 16:32:50 IST
Reason: SelfAttested

अति. जिला मजिस्ट्रेट झुन्झुनू

2. अभियोग संख्या 198/2019 दिनांक 04.07.2019 धारा 13 आरपीजीओ अधि0 थाना सदर, झुंझुनू में पंजीबद्ध होकर आरोप पत्र संख्या 147 दिनांक 31.07.2019 को न्यायालय झुन्झुनू में पेश किया गया। जिसमें बाद अन्वीक्षा माननीय न्यायालय द्वारा अपने निर्णय दिनांक 31.08.2019 में अभियुक्त को दोषसिद्ध मानते हुये 800 रू. अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

इस प्रकार उक्त पवन सिंह पुत्र करणी सिंह राजपूत, निवासी खुड़िया, पुलिस थाना मण्ड्रेला, जिला झुन्झुनू का यह कृत्य राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1975 की धारा 2 के खण्ड (ख) उपखण्ड (5) की परिभाषा में पूर्ण रूप से आता है, जिसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जावें।

न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट झुन्झुनू से दिनांक 18.04.2022 को प्रकरण न्यायालय हाजा में हस्तानान्तरित होने पर इस्तगासा दर्ज रजिस्टर किया जाकर पर गैर सायल को उसके खिलाफ लगाये आरोपों की सूचना को नोटिस देकर तलब किया गया जिस पर गैर सायल अपने अधिवक्ता मनोहर लाल सैनी के साथ दिनांक 15.12.2022 को उपस्थित हुआ। जिसे दिनांक 15.12.2022 को गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम का सारांश सुनाया गया, जिसे गैर सायल द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र देकर स्वीकार किया जाने पर बहस अन्तिम सुनी गई।

दौराने बहस विद्वान एपीपी–1 ने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए बताया कि गैर सायल के खिलाफ पुलिस थाना मण्ड्रेला व पुलिस थाना सदर, झुंझुनू में एक–एक अभियोग दर्ज होकर न्यायालय में चालान पेश किये गये हैं तथा जिनमें दोनों ही प्रकरणों में गैर सायल जुर्माने से दण्डित हुआ है। इस प्रकार गैर सायल राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधि0 1975 की धारा 2 खण्ड (ख) के उपखण्ड (5) में अंकित धारा के अधीन 2 बार दोषसिद्ध होने के कारण गुण्डा की परिभाषा में आता है। अतः इसे झुंझुनू जिले की सम्पूर्ण सीमा से निष्कासित किया जावे।

Signature Not Verified
Digitally signed by Jagdish Prasad Gour
Date: 2023.01.09 16:32:50 IST
Reason: SelfAttested

मैने पत्रावली का अवलोकन किया तथा बहस पर ध्यानपूर्वक मनन किया। पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजात/साक्ष्य के अनुसार [illegible] पुत्र करणी सिंह राजपूत,

अति. जिला मजिस्ट्रेट
झुन्झुनू

निवासी खुड़िया, पुलिस थाना मण्ड्रेला, जिला झुन्झुनू के खिलाफ पुलिस थाना मण्ड्रेला व पुलिस थाना सदर, झुंझुनू में एक–एक अभियोग दर्ज होकर न्यायालय में चालान पेश किये गये हैं तथा जिनमें से दोनों ही प्रकरणों में गैर सायल जुर्माने से दण्डित हुआ है। गैर सायल पवन सिंह पुत्र करणी सिंह राजपुत राजस्थान गुण्डा अधिनियम 1975 के अन्तर्गत 2 बार अपराध करने के कारण गुण्डा की परिभाषा में आता है। उक्त अधिनियम की धारा 8 के अनुसार ऐसे प्रकरणों पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रावधान लागू नही होते हैं तथा साक्ष्य का प्रोबेटिव वेल्यू होने के कारण उक्त दस्तावेज सम्पुष्टि के लिए पर्याप्त है। अतः प्रत्येक प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्जकर्ता व चालान पेशकर्ता का आकर साबित करना आवश्यक नही है तथा राज0 गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1975 के नियम 3 के अनुसार पुलिस अधीक्षक की लिखित सूचना पर धारा 3 गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा सकती है। किसी व्यक्ति विशेष की शिकायत की आवश्यकता नही है। पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य/सबूत को दृष्टिगत रखते हुए मुझे यह पूर्ण विश्वास है कि गैरसायल यदि इस जिले में बना रहता है तो वह ऐसे अपराधो की पुनरावृति में पुनः लगकर युवा पीढी को ऐसी सामाजिक बुराई के अपराध में संलिप्त कर उन्हे दिशा भ्रमित कर सामाजिक व्यवस्था को भंग कर सकता है तथा आम जन की जान माल को नुकसान हो सकता है। ऐसी स्थिति में गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम की धारा 3 (ख) (।।) मे अंकित विश्वास के कारणों के कारण गैरसायल गुलाब हुसैन पुत्र यासीन कायमखानी, निवासी मोहल्ला चेजारान, पुलिस थाना कोतवाली, झुन्झुनू को इस जिले से निष्कासित करना न्यायोचित व आवश्यक समझता हूं।

अतः गैरसायल पवन सिंह पुत्र करणी सिंह राजपूत, निवासी खुड़िया, पुलिस थाना मण्ड्रेला, जिला झुन्झुनू, को राज0 गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1975 की धारा 3(ख) (II) के तहत 15 दिवस की अवधि के लिए झुन्झुनू जिले की सम्पूर्ण सीमा से बाहर पुलिस थाना राजगढ, जिला चुरू निष्कासित किये जाने के आदेश दिये जाते है। इस दौरान गैर सायल ऐसे अपराध एवं अन्य असमाजिक गतिविधियों में शामिल नही रहेगा तथा गैर सायल पवन सिंह पुत्र करणी सिंह राजपूत, निवासी खुड़िया, पुलिस थाना मण्ड्रेला, जिला झुन्झुनू उक्त 15 दिवस की निष्कासित अवधि मे जहां भी निवास [illegible] थानाधिकारी, पुलिस थाना राजगढ, जिला चुरू को अपनी उपस्थिति [illegible] सूचना थाना मण्ड्रेला को देंगे तथा थानाधिकारी पुलिस थाना मण्ड्रेला, झुन्झुनू [illegible] की सूचना प्राप्त होने पर गैर

Signature Not Verified
Digitally signed by Jagdish Prasad Gour
Date: 2023.01.09 16:32:50 IST
Reason: SelfAttested

जिला मजिस्ट्रेट
झुन्झुनू

सायल की गतिविधियों बाबत पाक्षिक सूचना इस न्यायालय को प्रेषित करेंगे। यह निर्णय दिनांक 30.12.2022 के पश्चात 15 दिवस के बाद से प्रभावी होगा। निर्णय की प्रति पुलिस अधीक्षक झुन्झुनू को आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजी जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील जाब्ता दाखिल दफतर हो।

(जगदीश प्रसाद गौड़)
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
झुंझुनू

निर्णय आज दिनांक 30.12.2022 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर, बाद मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के मुद्रांकित खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(जगदीश प्रसाद गौड)
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
झुंझुनू

Signature Not Verified

Digitally signed by Jagdish Prasad Gour
Date: 2023.01.09 16:32:50 IST
Reason: SelfAttested